गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में व्यावसायिक (वोकेशनल) शिक्षा चयन हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 14 मई 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम, व्यावसायिक संभावनाओं और प्रशिक्षण के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। डा. छाया शुक्ला सह प्राध्यापक एवं काउंसलिंग सेल समिति की कन्वीनर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, उचित मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट क्रियात्मकता द्वारा ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र 2025–26 में महाविद्यालय द्वारा अपने चार विभागों में व्यावसायिक कौशल शिक्षा पाठ्यक्रम ऑफर किया जाएगा। महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग, खाद्य एवं पोषण विज्ञान विभाग, विस्तार शिक्षा एवं संप्रेषण प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों ने अपने–अपने विभागों की विशेषताओं, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, प्रोजेक्ट कार्यों और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम चयन हेतु ध्यान रखने योग्य बिंदु एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के सापेक्ष अपनी वरीयता को स्पष्ट करने का एक अवसर प्रदान करना था। साथ ही इसके द्वारा एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना, जिससे विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से बल्कि सामाजिक व व्यावसायिक रूप से भी समृद्ध हो सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएँ व्यक्त कीं और शिक्षकों ने उनका समाधान किया। विद्यार्थियों ने कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम से उन्हे भविष्य में विभिन्न विभागों को चुनने में काफी सुविधा मिलेगी एवं यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के सभी 55 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में काउंसलिंग सेल समिति के सदस्य श्री टी अभीक खस्तगीर, डा. सोनू रानी, डा. मनीष गहलोत, डा. आदिति वत्स, डा. अनुपम पांडे, डा. नीतू डोभाल, डा. पूनम पी डी एफ आदि उपस्थित रहे।